पंजीयन संख्या RNI No.: MPHIN/2002/9510

आश्वस्त

वर्ष 18, अंक 155

अगस्त 2016

संपादक – कलावती परमार

PRINCIPAL
Kanara Welfare Trust's
Divekar College of Commerce
KARWAR - 581 301

भारती दलित साहित्य अकादमी मध्यप्रदेश, उज्जैन की मासिक पत्रिका

भारत माँ की शान बचाओ

श्रीमती संध्या दत्ता कदम

देश आग में जल रहा है।
तुम चैन से सो रहे
सोचो थोड़ा सा देश की प्रति,
अपनाएँ सब तेरी अच्छी नीति।
छात्र बनना एकलव्य जैसा,
नीति बनाना चाणक्य जैसा।
देश को तुमसे धोखा न हो।
देशवासियों से तुम पर गर्व हो।
देश का भविष्य तुम हो दोस्तों,
देश में सुख–शांति बढ़ाते जाना।
लोगों में देश प्रेम जगाते रहना
गद्दारों को सबक सिखाना।
देश के प्रति ईमानी बनना।
देश बचाओ यारों देश बचाओ,
भारत माता की शान बचाओ।

केनरा वेलफेयर ट्रस्ट, दिवेकर कॉलेज ऑफ कॉमर्स
कोडीबाग, कारवार–581301, जिला उत्तर कन्नड़
राज्य कर्नाटक, मोबा. 09448796762

शकूर अनवर की दो ग़ज़लें –

(1)

बादल में रहता है सावन
धरती से उगता है सावन

आँखों में सोता है सावन
सपनों में बसता है सावन

गुल–बूटों की चादर औढ़ी
बगिया ने पहना है सावन

इसकी जलन अगन मत पूछो
साँपों सा डसता है सावन

दिल पर जब भी चोट लगी है
नयनों से बरसा है सावन

मेरे घर पतझड़ का मौसम
मुझ से क्यूँ रूठा है सावन

ख़ाली की ख़ाली है गागर
प्यासा का प्यासा है सावन

हरियाली छाई है ऐसी
अंधे को दिखता है सावन

हंस नहीं है फिर भी 'अनवर'
मोती ही चुगता है सावन

(2)

जीना भी दुश्वार है अपना
यह कैसा संसार है अपना

थोड़ी–सी ख्वाबों की पूँजी
छोटा सा व्यापार है अपना

जीवन ही उपवास में गुज़रा
हर दिन मंगलवार है अपना

सागर सी गहराई दिल में
पर्वत सा आकार है अपना

दहशत में दिन गुज़रा सब का
कहने को त्योहार है अपना

कश्ती है मँझधार में 'अनवर'
दरिया में घर बार है अपना।

शमीम मंज़िल, सेठानी चौक
श्रीपुरा, कोटा–324006 (राज.)
मोबा. 09460851271